जनता कालेज, बकेवर (इटावा)

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 2018-19

# नारी शक्तिकरण संकल्प अभियान

आयोजित तिथि 19-12-2018

जनता कालेज बकेवर (इटावा) में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी एवं उ0प्र0 सरकार के निर्देशानुसार आज नारी शक्तिकरण संकल्प अभियान के अन्तर्गत एक जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारम्भ कालेज के प्राचार्य, डा0 एम0पी0 यादव ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम की संयोजिका विज्ञान संकाय की डीन डा0 नलिनी शुक्ला, विशाखा गाइड लाइन की सदस्या डा0 इन्दूवाला मिश्रा, डा0 ज्योति भदौरिया व साँस्कृतिक कार्यक्रम के संयोजक डा0 पी0के0 राजपूत की देखरेख में रैली निकाली गयी। नारी शसक्तिकरण संकल्प अभियान कालेज के लखना गेट से प्रारम्भ होकर भर्थना चौराहा, बकेवर के अन्दर जन जागरूकता नारे लगाये गये। जिसमें कालेज के विभिन्न संकाय की लगभग 250 छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। छात्राओं ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटियों को शिक्षित करने, घरों में शौचालयों के निर्माण, तथा भ्रूण हत्या आदि रोकने हेतु विभिन्न प्रकार के रोचक व प्रेरक नारे लगाये।

जैसे- बेटी नहीं बचाओगे, तो वहू कहां से लाओगे।

बेटी घर-घर का वरदान, करना तुम इसका सम्मान।।

जन जागरूकता रैली बकेवर चौराहा होते हुए कालेज के थाने गेट से अन्दर आकर कालेज में समाप्त हुई, इस जन जागरूकता रैली में कालेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डा0 डी0एन0 सिंह, डा0 एम0पी0 सिंह, डा0 आदित्य कुमार, डा0 मनोज कुमार यादव, डा0 संजय कुमार विश्वकर्मा, डा0 संजीव कुमार व अनेक महिला प्राध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।

अमर उजाला

कानपुर | बृहस्पतिवार, 20 दिसंबर 2018 | 4

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ रैली निकाली




बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ रैली में मौजूद प्राचार्य डॉ. महेश प्रसाद यादव व अन्य।

बकेवर। जनता कालेज बकेवर की छात्राओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रैली निकाली। यह आयोजन क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी एवं उप्र सरकार के निर्देशानुसार नारी सशक्तीकरण संकल्प अभियान के तहत हुआ। रैली को प्राचार्य डॉ. महेश प्रसाद यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम की संयोजिका विज्ञान संकाय की डीन डॉ. नलिनी शुक्ला, विशाखा गाइड लाइन की सदस्या डॉ. इंदूबाला मिश्रा, डॉ. ज्योति भदौरिया व सांस्कृतिक कार्यक्रम के संयोजक डॉ. पीके राजपूत की देखरेख में रैली निकाली गई।

रैली कालेज के लखना गेट से प्रारंभ होकर भरथना चौराहा से कस्बा बकेवर में घूमती हुई थाना गेट से होकर कालेज में समाप्त हुई। जागरुकता रैली में कालेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एके पांडेय, डॉ. डीएन सिंह, डॉ. एमपी सिंह, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. मनोज यादव, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. संजय विश्वकर्मा, डॉ. आनंद सिंह व अन्य महिला प्राध्यापकाएं शामिल रहीं। ब्यूरो



नारी शसक्तिकरण संकल्प अभियान के अन्तर्गत एक जन जागरूकता रैली



जन जागरूकता रैली मे स्वयं सेवको तथा प्राध्यापक, प्राध्यापिकायें

# दैनिक जागरण

उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और पं. बंगाल से प्रकाशित



र दिखा भय का भूत 18 एकजुट हों हिंदू, तभी होगी तरक्की : भागवत 26






नारी सशक्तीकरण की रैली निकालती हुईं छात्राएं • जागरण

## बेटी नहीं बचाओगे तो बहू कहां से लाओगे

संवाद सूत्र, बकेवर : कस्बा बकेवर में स्थित जनता महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नारी सशक्तीकरण के लिए जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान सभी को जागरूक किया गया। भ्रूण हत्या, जनसंख्या वृद्धि, स्वच्छता, पर्यावरण संतुलन के लिए सभी को जागरूक किया गया। जनता कालेज के प्राचार्य डा. महेश प्रसाद यादव ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। हाथ में तख्ती और बैनर पर लिखे जागरूकता नारे के साथ छात्राओं ने कस्बे का भ्रमण कर सभी को जागरूक किया।

रैली कालेज से प्रारंभ होकर लखना रोड से इटावा रोड पर भ्रमण कर छात्राओं ने नारे लगाये कि बेटी नहीं बचाओगे तो बहू कहां से लाओगे... के नारे लगाकर लोगों को जागरुक किया। कालेज के प्राचार्य डा. महेश प्रसाद यादव ने कहा कि नारी समस्याओं के निस्तारण के लिए कानून का कड़ाई से पालन किया जाना जरूरी है। इस मौके पर डा. एमपी सिंह, डा. तेज नारायण, डा. ललित कुमार गुप्त, डा. ज्योति भदौरिया, ऋषि शुक्ला, राजन शुक्ला, छात्र नेता आदित्य मोहन शर्मा सहित कालेज के तमाम अध्यापक अध्यापिका तथा कालेज की छात्राएं रैली में मौजूद रहीं।

## अपराजिता 100 मिलियन स्माइल कार्यक्रम


दिनांक 20/02/2019 अपराजिता 100 मिलियन स्माइल कार्यक्रम कालेज के सेमीनार हॉल में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कार्यकारी प्राचार्य डॉ. ए. के. पाण्डेय कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पी. के. राजपूत, डॉ. ज्योति भदौरिया एवं डॉ. इन्दुवाला मिश्रा आदि की देखरेख में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता व जिला कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती निहारिका शुक्ला रही, उन्होनें महिला उत्थान, समाज में महिलाओं की भागीदारी के अनेकों उदाहरण देखकर सराहना की। उन्होंने बताया कि हमारे देश की महिलायें प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी हैं जैसे देश की प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, न्यायाधीश, एवरेस्ट फतह, हवाई जहाज उडाना, डॉक्टर, इन्जीनियर, बस कन्डक्टर, सेना आदि क्षेत्रों में अपना-अपना महिलायें नाम रोशन कर रही है।




अपराजिता कार्यक्रम के दौरान मंचासीन डॉ.निहालिका शुक्ला जी डॉ.ए.के.पाण्डे, डॉ. पी.के.राजपूत एवं डॉ. इन्दुवाला मिश्रा,डॉ.ज्योति भदौरिया




छात्राओं को अपराजिता के बारे में जागरुक करते डॉ.ए.के.पाण्डे, डॉ.निहालिका शुक्ला जी एवं डॉ.इन्दुबाला मिश्रा



# मिशन शक्ति" (साइबर क्राइम व छात्र-छात्राओं एवं अभिवावक शपथ)

**दिनाँक: 25.10.2020**

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिशा निर्देशित नवरात्रि के पावन अवसर पर "साइबर क्राइम व छात्र-छात्राओं एवं अभिवावक शपथ" कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित व्याख्यानमाला श्रंखला के अंतर्गत आज दिनांक 25 अक्टूबर, 2020 को जनता कालेज, बकेवर, इटावा में "मिशन शक्ति" (17-25अक्टूबर) कार्यक्रम के तत्वाधान में कालेज की एन. सी. सी., एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों द्वारा व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया| कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. मनोज यादव जी ने किया| कार्यक्रम के एन. सी.सी. अधिकारी श्री ब्रह्मानन्द जी ने कई प्रकार के साइबर क्राइम के बारे में बताया कि आज कल आप की क्लोन आइडी बनाकर क्राइम किया जा रहा है ऐसी दशा में उसका स्नैप कट करके तत्काल पुलिस को सूचना देना चाहिए जिससे क्राइम पर अंकुश लगाया जा सके| कार्यक्रम में गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. इन्दुबाला मिश्रा जी ने साइबर क्राइम पर व्याख्यान दिया तथा बताया कि छात्राओं को अपना संपर्क नम्बर न देकर वें अपने अभिवावक का संपर्क नम्बर देना चाहिए तथा सोसल मीडिया पर सिर्फ जानने वाले को ही मित्र बनाये| उन्होने स्टाकिंग एवं फिसिंग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा उससे सतर्क रहने के लिए कहा|कार्यक्रम में कालेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एम.पी. सिंह जी ने अपने उद्बोधन में बताया कि इन्टरनेट पर साइबर क्राइम बढ़ रहा है तो हम सबको इसका प्रयोग करने पर क्राइम के प्रति जागरुक रहना चाहिए तथा किसी को भी इन्टरनेट पर बनी आईडी की सेक्रेसी नही बतानी चाहिए|

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनता महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक व पूर्व एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. यू.के. मिश्रा जी ने साइबर क्राइम के बारे में विस्तार से व्याख्यान दिया| उन्होने बताया कि इन्टरनेट पर जितने भी एकाउन्ट हो उन सबका पासवर्ड अलग-अलग बनाना चाहिए और पासवर्ड कम से कम आठ शब्दों का हो जिसमें अक्षर(छोटे व बड़े), अंक व संकेत सहित होना चाहिए| डॉ. मिश्रा ने बताया कि यदि मोबाइल किसी को देना हो तो उसमें से सिम निकाल कर ही दें| कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही कालेज की सम्मानित प्राचार्या महोदया डॉ. नलिनी शुक्ला जी ने महिलाओं की सुरक्षा के बारे में बताया और कहा कि उन्हे हमेशा जागरुक रहना चाहिए तथा जरुरत पड़ने पर महिला सहायता नं. 1090 व 112 पर कॉल करना चाहिए| कार्यक्रम के अंत में श्री ब्रह्मानन्द जी ने पहले छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाया और उसके पश्चात अभिवावकों को शपथ दिलाया |

कार्यक्रम के संचालक डॉ. मनोज यादव जी द्वारा सभी अतिथियों का उनके सारगर्भित एवं संवेदनशील विषय पर व्याख्यान देने हेतु आभार व्यक्त किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर कालेज के विज्ञान संकाय डीन डॉ. ललित गुप्ता जी, वाणिज्य संकाय डीन डॉ. योगेश शुक्ला जी, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. संजय विश्वकर्मा, डॉ. डी.जे. मिश्रा, डॉ. प्रकाश दुबे, डॉ.नवीन अवस्थी, डॉ. सत्यार्थ मौर्या, डॉ. गोपी नाथ मौर्या, डॉ. अश्वनी मिश्रा सहित महाविद्यालय के छात्र- छात्राएं एवं अभिभावक भी इस व्याख्यान से जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हुए।


5:07 PM
Dr Lalit Gupta
Dr. Manoj Kumar Yadav, Janta Colle...
Aarti
Brihma Nand


5:20 PM
Priya tripathi
Dr Lalit Gupta
Shashank verma
ashutosh tiwari


5:42
92%
Zoom
End
Mute
Start Video
Share
Participants
More


5:36
96%
Zoom
End
Mute
Start Video
Share
Participants
More

# महिला सुरक्षा एवं सम्मान

दिनांक: 09.11.2020

आज दिनांक 09.11.2020 को जनता कालेज, बकेवर, इटावा में शासन के निर्देशानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए संपूर्ण प्रदेश में महिला सुरक्षा एवं सम्मान हेतु अनवरत अभियान का कार्यक्रम आयोजित किए जाने के अनुपालन में कालेज में अभिभावकों को महिला सुरक्षा शपथ ग्रहण तथा छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा शपथ ग्रहण अभियान के अंतर्गत कालेज की संरक्षिका व प्राचार्या डॉ• नलिनी शुक्ला जी के द्वारा शपथ ग्रहण कराई गई। अभियान में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव, एन.सी.सी. अधिकारी श्री ब्रम्हानन्द, डॉ. पी.के. राजपूत, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. डी.जे. मिश्रा, डॉ. इन्दुबाला मिश्रा, डॉ.ज्योति भदौरिया, डॉ. यौगेश शुक्ला, डॉ. प्रकाश दुबे सहित अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में सहभागिता किया |





# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

दिनॉक: **08.03.**2021

जनता कालेज, बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेड कोर व रोबर्स रेंजर इकाई के संयुक्त तत्वाधान में आज 'अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया गया | कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज कुमार यादव ने किया | डॉ. यादव जी ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सर्वप्रथम अमेरिका में 28 फरवरी, सन्1909 में मनाया गया था जो महिलाओं के अधिकारों व कार्यों के लिए किया गया था | बाद में 8 मार्च 1975 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने मनाना शुरु किया| इस दिन महिलाओं के संघर्ष, तपस्या और बलिदान को याद करने के लिए यह दिन मनाया जाता है| कार्यक्रम में रोबर्स रेंजर प्रभारी डॉ ज्योति भदौरिया जी ने दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या पर विचार रखते हुए नारी सशक्तिकरण की बात की | कालेज के कृषि संकाय डीन व मुख्य अनुशासन अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पाण्डेय जी ने कहा कि यह दिन हर दिन मनाना चाहिए| उन्होने कहा कि हमारे देश में नारी का हमेशा उच्च स्थान रहा है| कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही कालेज की प्राचार्या डॉ. नलिनी शुक्ला जी ने नारियों के सम्मान, समानता की बात रखते हुए बेटियों को संदेश दिया कि बेटियों कोई भी कार्य करने के पहले मन मे सोचना कि 'मैं यह कर सकती हुं और करके रहूंगी' के दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करना | उन्होने छात्राओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सशक्तिकरण हेतु विभिन्न योजनाओं महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, यूपी 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181, हेल्पलाइन 1098, 108 आदि के बारे में जानकारी दी|

कार्यक्रम में राम खिलाड़ी, सुमित दीक्षित, कु. गुंजन व कृष्ण कुमार आदि छात्रों ने भी अपने विचार व्यक्त किये| कार्यक्रम में कन्या भ्रूण हत्या के प्रति जागरुक करने के लिए एक लघु नाटिका कु. दामिनी, अकॉक्षा व विवेक कुमार द्वारा प्रस्तुत की गयी | कार्यक्रम में मिशन शक्ति के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं व अभिभावकों की शपथ का कार्यक्रम डॉ. ब्रम्हानन्द जी के निर्देशन में किया गया| डॉ. ब्रम्हानन्द जी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया| कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अश्वनी कुमार मिश्रा ने किया| कार्यक्रम में डॉ. डी.एन. सिंह, डॉ. एम.पी. सिंह, डॉ. इन्दुबाला, डॉ. ललित गुप्ता, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. संजय विश्वकर्मा, डॉ.प्रकाश दुबे सभी प्राध्यापक, प्राध्यापिकाओं, शिक्षेणत्तर कर्मचारियों सहित 150 छात्र- छात्राएं ने सहभागिता की | कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया |


64MP AI QUAD CAMERA
Shot by HITESH VERMA

64MP AI QUAD CAMERA
Shot by HITESH VERMA

64MP AI QUAD CAMERA
Shot by HITESH VERMA

64MP AI QUAD CAMERA
Shot by HITESH VERMA

## बालिका हेल्थ क्लब की स्थापना

दिनांक: 28.08.2021

जनता कॉलेज बकेवर इटावा में, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा मिशन शक्ति के तृतीय चरण में आज दिनांक 28.08.2021 को 'बालिका हेल्थ क्लब' की स्थापना की गई। डॉ ज्योति भदौरिया को बालिका हेल्थ क्लब का प्रभारी बनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज कुमार यादव जी ने बताया की बालिका हेल्थ क्लब के अंतर्गत छात्राओं के स्वास्थ्य, विकास व आत्मनिर्भरता के बारे में बताया जाएगा जिससे कि वह समाज की महिलाओं को महिला सशक्तिकरण, स्वालंबन, आत्मसम्मान व अधिकारों के बारे में जागरूक करेंगी। बालिका हेल्थ क्लब की प्रभारी डॉ ज्योति भदौरिया ने बताया की विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बालिका हेल्थ क्लब में कु. दामिनी कश्यप व कु. प्रगति को नामित किया गया तथा बदलाव के अभिकर्ता अब करता छात्र सूरज सिंह व शिवांशु वर्मा को नामित किया गया। कालेज की प्राचार्य डॉ नलिनी शुक्ला जी ने बालिका हेल्थ क्लब के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया। इस मौके पर कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ पीके राजपूत, डॉ एमपी सिंह, डॉ संजीव कुमार आदि उपस्थित रहे।

## परामर्श सत्र एवं नारी समानता के अधिकार पर संगोष्ठी

दिनांक: 02.09.2021

जनता कालेज, बकेवर, इटावा में मिशन शक्ति के तृतीय चरण की कार्यक्रम श्रंखला में आज दिनांक 02 सितंबर, 2021 को परामर्श सत्र एवं नारी समानता के अधिकार पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज कुमार यादव ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए मिशन शक्ति के उद्देश्यों के बारे में बताया। उन्होंने छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आबादी की आधी शक्ति नारी है। तथा कहा की मातृशक्ति की ग्रहणी से लेकर अंतरिक्ष तक सहभागिता है फिर भी कहीं ना कहीं समाज में फैली कुरीतियों के कारण नारी शक्ति का शोषण हो रहा है उसी को जागरूक करने के लिए मिशन शक्ति कार्यक्रम चलाया जा रहा है । रोवर्स रेंजर्स प्रभारी एवं कीड़ा अधीक्षक डॉ ज्योति भदौरिया ने मिशन शक्ति के तृतीय चरण की कार्य योजना प्रस्तुत किया। जिसमें छात्राओं के व्यायाम, योग, मार्शल आर्ट, महिला सुरक्षा हेतु संचालित सरकारी योजनाओं का प्रसार तथा चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो जैसे सामाजिक मुद्दों पर विचारों को साझा किया। संगोष्ठी के विशिष्ट अतिथि डॉ एम पी सिंह जी ने सभी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा

की मातृशक्ति हमारी आधी शक्ति है जिसके सम्मान व स्वाभिमान के लिए आज हम सब मिलकर सबको जागरूक करेंगे। उन्होंने बताया की आजादी के बाद ही नारी सशक्तिकरण के लिए कई कानून बनाए गए जिनमें हिंदू एक्ट, हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, दहेज प्रथा निवारक अधिनियम, समान पारिश्रमिक एक्ट, पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ पीके राजपूत जीने मिशन शक्ति के उद्देश्यों के बारे में बताते हुए साइबर क्राइम, बालिका सुरक्षा पर अपने विचारों से छात्राओं का ज्ञान वर्धन किया। राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रभारी श्री ब्रह्मानंद जी ने बालिका स्वास्थ्य क्लब के बारे में बताया तथा पोषण जागरूकता पर छात्र- छात्राओं का ज्ञान वर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में श्री ब्रह्मानंद जी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में कॉलेज की छात्राएं, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक व राष्ट्रीय कैडेट कोर के छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।









# जागरूक करेगा चुप्पी तोड़ो, खुलकर बोलो अभियान

संवाद न्यूजएजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर में गुरुवार को मिशन शक्ति के तीसरे चरण में परामर्श सत्र एवं नारी समानता के अधिकार पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डा. मनोज कुमार यादव ने मिशन शक्ति के उद्देश्यों के बारे में बताया।

भूमि संरक्षण विभाग के

## मिशन शक्ति के तृतीय चरण के तहत हुई संगोष्ठी

विभागाध्यक्ष डा. पीके राजपूत ने साइबर क्राइम, बालिका सुरक्षा पर अपने विचारों से छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया। उन्होंने कहा कि देश की आबादी की आधी शक्ति नारी की है। फिर भी कहीं न कहीं समाज में फैली कुरीतियों के कारण नारी शक्ति का शोषण हो रहा है। इसे रोकने के लिए ही मिशन शक्ति चलाया जा रहा है। रोवर्स रेंजर्स प्रभारी एवं क्रीड़ा अधीक्षक डा. ज्योति भदौरिया ने मिशन शक्ति के तृतीय चरण की कार्ययोजना प्रस्तुत की। इसमें छात्राओं के व्यायाम, योग, मार्शल आर्ट्स, महिला सुरक्षा के लिए संचालित सरकारी योजनाओं का प्रसार तथा चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो जैसे सामाजिक मुद्दों पर विचारों को साझा किया।

विशिष्ट अतिथि डा. एमपी सिंह ने कहा कि सम्मान व स्वाभिमान के लिए हम सब मिलकर सबको जागरूक करेंगे। एनएसएस के कार्यक्रम प्रभारी ने हिंदू एक्ट, हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, दहेज प्रथा निवारक अधिनियम, समान पारिश्रमिक एक्ट, पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी आदि के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रभारी डॉ. ब्रह्मानंद शर्मा ने बालिका स्वास्थ्य क्लब के बारे में बताया तथा पोषण जागरूकता पर छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया।

# कुरीतियों के चलते नारी शक्ति का शोषण

संवादसूत्र, बकेवर : मातृ शक्ति की गृहणी से लेकर अंतरिक्ष तक सहभागिता है फिर भी समाज में फैली कुरीतियों के कारण नारी शक्ति का शोषण हो रहा है उसी को जागरूक करने के लिए मिशन शक्ति कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

यह उद्गार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डा. मनोज कुमार यादव ने जनता कालेज में मिशन शक्ति के तृतीय चरण की कार्यक्रम श्रृंखला में परामर्श सत्र एवं नारी समानता के अधिकार पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रकट किए। रोवर्स रेंजर्स प्रभारी एवं क्रीड़ा अधीक्षक डा. ज्योति भदौरिया ने मिशन शक्ति के तृतीय चरण की कार्य योजना प्रस्तुत करते हुए छात्राओं के व्यायाम, योग, मार्शल आर्ट, महिला सुरक्षा के लिए संचालित सरकारी योजनाओं का प्रसार तथा चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो जैसे सामाजिक ,मुद्दों पर विचारों को साझा किया।

मुख्य अतिथि डा. पीके राजपूत ने मिशन शक्ति के उद्देश्यों के बारे में बताते हुए साइबर क्राइम, बालिका सुरक्षा को लेकर छात्राओं का सजग किया। विशिष्ट अतिथि डा. एमपी सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की मातृ शक्ति हमारी आधी शक्ति है जिसके सम्मान व स्वाभिमान के लिए हम सब मिलकर सबको जागरूक करेंगे। राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रभारी ब्रह्मानंद ने बालिका स्वास्थ्य क्लब की विस्तार से जानकारी दी। काफी संख्या में छात्राओं और शिक्षकों ने सहभागिता की।

# आबादी की आधी शक्ति नारी है : डॉ मनोज यादव

[illegible] संवाददाता, इटावा

बकेवर। जनता कालेज, बकेवर, इटावा में मिशन शक्ति के तृतीय चरण की कार्यक्रम श्रृंखला में गुरुवार को परामर्श सत्र एवं नारी समानता के अधिकार पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज कुमार यादव ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए मिशन शक्ति के उद्देश्यों के बारे में बताया। उन्होंने छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आबादी की आधी शक्ति नारी है। तथा कहा की मातृशक्ति की गृहणी से लेकर अंतरिक्ष तक सहभागिता है फिर भी कहीं न कहीं समाज में फैली कुरीतियों के कारण नारी शक्ति का शोषण हो रहा है उसी को जागरूक करने के लिए मिशन शक्ति कार्यक्रम चलाया जा रहा है। रोवर्स रेंजर्स प्रभारी एवं क्रीड़ा अधीक्षक डॉ ज्योति भदौरिया ने मिशन शक्ति के तृतीय चरण की कार्य योजना प्रस्तुत किया। जिसमें छात्राओं के व्यायाम, योग, मार्शल आर्ट, महिला सुरक्षा हेतु संचालित सरकारी योजनाओं का प्रसार तथा चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो जैसे सामाजिक मुद्दों पर विचारों को साझा किया। संगोष्ठी के विशिष्ट अतिथि डॉ एम पी सिंह जी ने सभी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की मातृशक्ति हमारी आधी शक्ति है जिसके सम्मान व स्वाभिमान के लिए आज हम सब मिलकर सबको जागरूक करेंगे। उन्होंने बताया की आजादी के बाद से नारी सशक्तिकरण के लिए कई कानून बनाए गए जिनमें हिंदू एक्ट, हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, दहेज प्रथा निवारक अधिनियम, समान पारिश्रमिक एक्ट, पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ पीके राजपूत जीने मिशन शक्ति के उद्देश्यों के बारे में बताते हुए साइबर क्राइम, बालिका सुरक्षा पर अपने विचारों से छात्राओं का ज्ञान वर्धन किया। राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रभारी श्री ब्रह्मानंद जी ने बालिका स्वास्थ्य क्लब के बारे में बताया तथा पोषण जागरूकता पर छात्र- [illegible]



# छात्र- छात्राओं की शपथ

दिनांक: 09.09.2021

जनता कालेज, बकेवर, इटावा में मिशन शक्ति के तृतीय चरण की कार्यक्रम श्रंखला में आज दिनांक 09 सितंबर, 2021 को छात्र- छात्राओं की शपथ का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज कुमार यादव ने आयोजित किया। इस कार्यक्रम में डॉ पी के राजपूत, डॉ एमपी सिंह, डॉ संजीव कुमार, डॉ आनंद सिंह व डॉ आदित्य कुमार उपस्थित रहे।





छात्र- छात्राओं की शपथ

# जनता कॉलेज बकेवर में महिला पोषण पर हुई संगोष्ठी

दिनांक 21.09.2021

जनता कॉलेज बकेवर इटावा में 'मिशन शक्ति' के तृतीय चरण के कार्यक्रम श्रृंखला में आज दिनांक 21.09.2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना व राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वाधान में "महिला पोषण जागरूकता पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ ललित गुप्ता जी ने महिला पोषण व संतुलित आहार के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि भोजन के तीन मुख्य घटक कार्बोहाइड्रेट,वसा तथा प्रोटीन व सूक्ष्म तत्व जैसे विटामिंस, हारमोंस व खनिज लवण सब को मिलाकर ही एक संतुलित आहार होता है। डॉ गुप्ता जी ने बताया कि भोजन में मुख्य रूप से कार्बोहाइड्रेट को लिया जा रहा है जबकि इसकी मात्रा एक सीमित होनी चाहिए । उन्होंने बताया कि बसा केवल पूरे दिन में 5 से 6 चम्मच से ज्यादा नहीं लेना चाहिए और प्रोटीन का ज्यादा से ज्यादा सेवन करना चाहिए ।प्रोटीन के दाल, दूध, पनीर, मशरूम, मांस आदि मुख्य स्रोत है। उन्होंने कहा की प्रोटीन 1 ग्राम प्रति एक किलोग्राम शरीर भार तथा कठिन कार्य करने वालों के लिए 1.5 ग्राम प्रति किलोग्राम शरीर भार पर लेना चाहिए ।उन्होंने यह भी बताया की फल और सब्जी जिनसे विटामिंस एवं खनिज लवण मिलते हैं का अधिक सेवन करना चाहिए साथ ही बताया उत्तम आहार थाली में आधा भाग सब्जी और फलों का होना चाहिए व एक चौथाई भाग प्रोटीन जैसे खाद्य पदार्थों का होना चाहिए । अवशेष एक चौथाई भाग को हम रोटी या चावल से पूरा करेंगे। डॉ.गुप्ता जी ने बताया आज के समय में रैंबो फूड की आवश्यकता है साथ ही कहा कि रसायन मुक्त सब्जियां लेना चाहिए, देसी फल सब्जियों का बढ़ावा होना चाहिए, डिब्बाबंद या पैकेट वाले खाद्य पदार्थों का कम सेवन करना चाहिए और जंक फूड पदार्थों का सेवन बहुत कम करना चाहिए। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया की भोजनालय में प्लास्टिक एवं एलमुनियम के बर्तनों में खाना बनाना वह खाना नहीं चाहिए। कार्यक्रम के अध्यक्ष व कार्यवाहक प्राचार्य डॉ ए.के. पांडेय जी ने महिला पोषण जागरूकता पर अपने विचार रखते हुए कहां कि पानी का उपयोग कम से कम 8 से 10 गिलास प्रतिदिन करना चाहिए जिससे शरीर में कोई विकार उत्पन्न ना हो। कार्यक्रम में शस्य विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉक्टर एमपी सिंह जी ने बताया की व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए विविधता पूर्ण संतुलित आहार लेना चाहिए जिससे सभी पोषक तत्वों की पूर्ति हो सके। साथ ही सलाह दी कि महिलाओं में एनीमिया खून की कमी से होता है इसलिए खाने में गेहूं की के 1006 प्रजाति का इस्तेमाल करना चाहिए जिस में आयरन की मात्रा अन्य प्रजातियों से अधिक होती है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ मनोज कुमार यादव, कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखी तथा बताया की महिलाओं में पोषण जागरूकता की बहुत कमी है जिस लिए उनको जागरूक करने के लिए मिशन शक्ति कार्यक्रम चलाया जा रहा है। एनसीसी प्रभारी

ब्रह्मानंद जी ने महिला स्वास्थ्य, पोषण व स्वच्छता पर अपने विचारों का साझा किया। तथा कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया कार्यक्रम में वरिष्ठ अध्यापक प्राध्यापक व मृदा संरक्षण के विभागाध्यक्ष डॉ पीके राजपूत वह पशुपालन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ आदित्य कुमार, शैलेंद्र कुमार, दामिनी कश्यप, हर्ष, अमित सिंह व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, राष्ट्रीय कैडेट कोर के छात्र छात्राएं आदि उपस्थित रहे।





डॉ ललित गुप्ता जी ने महिला पोषण व संतुलित आहार के बारे में बताया



# प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों का करें सेवन

## महिला पोषण जागरुकता गोष्ठी, पानी का उपयोग कम से कम 8 से 10 गिलास प्रतिदिन करें

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना व राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वाधान में महिला पोषण जागरूकता पर संगोष्ठी हुई।

जीव विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा.ललित गुप्ता ने बताया कि भोजन के तीन मुख्य घटक कार्बो हाइड्रेट, वसा, प्रोटीन, सूक्ष्म तत्व जैसे विटामिन, हारमोंस और खनिज लवण सब को मिलाकर ही एक संतुलित आहार होता है। डॉ गुप्ता ने बताया कि भोजन में मुख्य रूप से कार्बोहाइड्रेट को लिया जा रहा है। इसकी मात्रा सीमित होनी चाहिए। प्रोटीन का ज्यादा से ज्यादा सेवन करना चाहिए। दाल, दूध, पनीर, मशरूम, मांस आदि प्रोटीन में मुख्य स्रोत है। प्रोटीन एक ग्राम प्रति एक किलोग्राम शरीर भार तथा कठिन कार्य करने वालों के लिए डेढ़ ग्राम प्रति किलोग्राम शरीर भार पर लेना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया की फल और सब्जी जिनसे विटामिन एवं खनिज लवण मिलते हैं का अधिक सेवन करना चाहिए।

गोष्ठी को संबोधित करते जीव विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ ललित गुप्ता। संवाद

कार्यवाहक प्राचार्य डा.एके पांडेय ने कहा कि पानी का उपयोग कम से कम 8 से 10 गिलास प्रतिदिन करें। ताकि शरीर में कोई विकार उत्पन्न न हो। कार्यक्रम में शस्य विज्ञान के विभागाध्यक्ष डा.एमपी सिंह ने कहा कि व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए विविधता पूर्ण संतुलित आहार लेना चाहिए। जिससे सभी पोषक तत्वों की पूर्ति हो सके। साथ ही सलाह दी कि महिलाओं में एनीमिया खून की कमी से होता है।

कार्यक्रम संयोजक डा.मनोज कुमार यादव, एनसीसी प्रभारी ब्रह्मानंद ने महिला स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता पर अपने विचारों का साझा किया। मृदा संरक्षण के विभागाध्यक्ष डा.पीके राजपूत, पशुपालन विभाग के विभागाध्यक्ष डा.आदित्य कुमार, शैलेंद्र कुमार, दामिनी कश्यप, हर्ष, अमित सिंह उपस्थित रहे।

# छात्राओं का परामर्श सत्र

दिनांक 06.10.2021

जनता कॉलेज बकेवर इटावा में राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर व कॉलेज के क्रीडा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनांक 06.10.2021 को छात्राओं का परामर्श सत्र 'बालिका हेल्थ क्लब, के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बालिका हेल्थ क्लब की प्रभारी डॉ ज्योति भदौरिया जी ने छात्राओं को स्वास्थ्य जागरूकता तथा आत्म सुरक्षा के लिए जागरूक किया तथा बताया कि छात्राओं को स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए क्योंकि एक स्वस्थ बालिका ही अपने स्वालंबन,अपने अधिकार, व आत्म सुरक्षा कर सकती है और एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकती है । इस मौके पर राष्ट्रीय योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज यादव व राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रभारी श्री ब्रह्मानंद जी ने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति विशेष ध्यान देने को कहा।





डॉ ज्योति भदौरिया द्वारा छात्राओं को परामर्श दिया गया

# मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं का जागरूकता कार्यक्रम

दिनांक 29.10.2021

जनता कॉलेज बकेवर इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई में मिशन शक्ति के तहत दिनांक 29.10. 2021 को बालिकाओं को जागरूक किया गया ।कार्यकम के मुख्य अतिथि मा०गीता शाक्य राज्यसभा सांसद जी ने कहा कि वेटिया इस देश का भविष्य है । साथ ही उन्होंने सभी छात्राओ को शिक्षा और नारी सशक्तिकरण की प्रासंगिकता को बताते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉक्टर पद्मा त्रिपाठी ने मिशन शक्ति के तहत टोल फ्री नंबर टोल फ्री नंबर 181, 181, 112, 1090, 1076 के विषय में छात्राओं को जागरूक किया और समय आने पर इन नंबरों का किस प्रकार प्रयोग करें उसके बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी । मिशन शक्ति कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रबंध सचिव श्री अरविंद मिश्रा जी ने विद्यालय के स्वस्थ परंपराओं के विषय में छात्राओं को बताया । जनता कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी जी ने छात्राओं से कहा की प्राप्त जानकारी को अधिक से अधिक सभी बालिकाओं तक पहुंचाये और निडर होकर समाज में चलें । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती उर्वशी दीक्षित जिनको फ्लोरेंस नाइटेंगल का अवार्ड प्राप्त हो चुका है कोरोना काल में सेवाओं के लिए उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हो चुका है तथा वीडियो पद पर रहते हुए विभिन्न प्रकार के कार्यों को निडरता से संपन्न करने वाली श्रीमती सुप्रिया मिश्रा का भी विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वागत किया ।कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद मा. गीता शाक्य जी का शाल ओढ़ाकर प्रतीक चिन्ह भेंट कर कार्यक्रम की संयोजिका डॉक्टर पदमा त्रिपाठी जी सह संयोजिका डॉ ज्योति भदोरिया जी तथा प्राचार्य द्वारा स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में कालेज की डॉक्टर नलिनी शुक्ला , डॉ इंदु बाला मिश्रा , डॉक्टर मीनू त्रिपाठी , डॉ रतना शुक्ला प्रमुख रूप से मौजूद रही। कार्यक्रम में जनता डिग्री कॉलेज की तथा इंटर कॉलेज की सभी छात्राओं ने बड़ी संख्या में प्रतिभागता की और मिशन शक्ति के महत्व को समझ कर समाज में कभी ना डरने का वचन लिया। सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन के प्रति अपनी आस्था प्रकट की ।इंटर कॉलेज की सभी अध्यापिका ने भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रही।


जनता कालेज बकेवर, इटावा
गीता शाक्य जी








जनता कालेज बकेवर, इटावा
मा० गीता शाक्य जी
दिनांक : 29/10/2021, शुक्रवार
मिशन शक्ति
तृतीय चरण
1090 181 1076 112 1098 102 108
POCO
SHOT ON POCO M2 PRO


इटावा | amarujala.com | अमर उजाला | कानपुर | शनिवार, 30 अक्तूबर 2021 | 6

# छात्राएं तरक्की की राह पकड़ें : गीता शाक्य

**बोलीं सांसद, नारी सशक्तिकरण है प्रासंगिक, जनता कॉलेज बकेवर में गोष्ठी का आयोजन**

संवाद न्यूज एजेंसी

जनता कॉलेज बकेवर में राज्यसभा सांसद गीता शाक्य के साथ सेल्फी लेतीं छात्राएं। संवाद

**गरीब छात्राओं की फीस जमा करती हैं गिरिजा**

प्रधानाचार्य गिरिजा शुक्ला।

## ग्रामीण महिलाओं को किया जागरूक

दिनांक: 16.11.2021

जनता कॉलेज बकेवर इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा आज दिनांक 16.11.2021 को इटावा के कुशगवा गांव में मिशन शक्ति के तृतीय चरण में महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया ।तथा उनके स्वालंबन व सम्मान के प्रति जागरूक करने के लिए कुशगवां गांव के प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा एक रैली का भी आयोजन किया गया । इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज कुमार यादव जी ने बताया की मिशन शक्ति के तृतीय चरण के तहत महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है कि वह आत्मनिर्भरता, स्वालंबन तथा सम्मान के लिए अपनी बात करें व बराबरी की हिस्सेदारी सुनिश्चित करें इस मौके पर ग्रामीण अंचल के सम्मानित श्री राहुल चौबे, श्रीमती रंजना तिवारी, कुसुम कुशवाहा आदि मौजूद रहे।



महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया



छात्र-छात्राओं द्वारा रैली का भी आयोजन

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

दिनांक 08.03.2022

जनता कॉलेज बकेवर इटावा की सेवा योजना में आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम में क्षेत्र की उद्यमिता एवं समूह के पदाधिकारी महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष व कालेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने मातृ शक्ति को नमन करते हुए कहा कि महिला विभिन्न रूप में मां, बहन, बेटी, पत्नी हमारे जीवन की प्रत्येक कड़ी में जुड़ी होती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के संरक्षण के लिए भारत के संविधान में अनुच्छेद 24 व 25 में रखा गया है और बताया कि डॉ भीमराव अंबेडकर जी ने कहा था कि स्त्री कभी श्रम से नहीं डरती, वह डरती है दुराचार से,अनाचार से, अशिष्टा से। महिलाओं को सशक्त करने के लिए उनको शिक्षित करना होगा उन्होंने बताया कि स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू जी ने कहा था किए यदि लड़का शिक्षित होता है तो वह सिर्फ अपने लिए होता है यदि लड़की शिक्षित होती है तो वह सात पीढ़ियों तक शिक्षित करती है । इसलिए महिलाओं का सम्मान व सशक्तिकरण के लिए हमेशा आगे रहकर उनका साथ देना चाहिए। उन्होंने सावित्रीबाई फुले, वीरांगना लक्ष्मीबाई, सुनीता विलियम, कल्पना चावला के योगदान के बारे में भी अपने विचारों का साझा किया। कार्यक्रम में कॉलेज की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.नलिनी शुक्ला जी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास के बारे में बताया उन्होंने कहा कि 1908 में अमेरिका के न्यूयॉर्क में महिलाओं ने मतदान करने के लिए आवाज उठाई थी।

उसके बाद संयुक्त राष्ट्र संगठन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को मनाने का निर्णय लिया था। महिलाओं के सशक्तिकरण में सबसे ज्यादा योगदान है तो वह शिक्षा का और शिक्षित महिलाएं पुरुषों के साथ आर्थिक, सामाजिक रूप से सशक्त बनाने में सहयोग करती हैं। डॉ इंदु बाला मिश्रा ने कहा कि नारी शक्ति तभी सशक्त हो सकती है जब वह स्वस्थ भी हो और स्वस्थ होने के लिए जरूरी है पोषण युक्त संतुलित आहार।

उन्होंने कहा कि महिलाएं आपने खाने में हरी पत्ती सब्जियों का उपयोग जरूर करें जिसमें भरपूर रूप से खनिज लवण व रेशे पाए जाते हैं। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित समूहों का संचालन कर रही श्रीमती अंजली देवी बकेवर की रहने वाली हैं तथा अपने समूह के द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताया उन्होंने कहा कि हम महिलाओं का समूह बनाकर सिलाई, कढ़ाई तथा ब्यूटी पार्लर जैसे छोटे–छोटे रोजगारपरक योजनाओं का प्रशिक्षण देती हूं जिससे क्षेत्र की महिलाएं आत्मनिर्भर बनती हैं। कार्यक्रम में सीएलएफ की बीआरपी श्रीमती अंजलि ने बताया कि मैं लखना में रहती हूं, हमने लगभग 4000 महिलाओं को समूह से जोड़ा है तथा एनआरएलएम मिशन के द्वारा सभी को आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश कर रही हूं एक छोटे से इन्वेस्टमेंट से आज मैं 4 करोड़ का टर्नओवर करती हूं। सीएलएफ अध्यक्ष, महेवा एनआरएलएम मिशन श्रीमती रूबी अपने समूह के बारे में बताया कि हमने गांव के 10 महिलाओं को जोड़कर इस समूह का संचालन शुरू किया था जो कि आज लगभग 1800 महिलाएं हमारे समूह में जुड़ी हुई हैं। श्रीमती कंचनलता कुशवाहा ने बताया कि मैं समूह में लिखने पढ़ने का कार्य करते हैं तथा छोटा सा कार्य सिलाई का करती हूं जिससे हम अपने घर में 10000 प्रति माह की आर्थिक मदद करती हूं। ग्राम पुठिया की रहने वाली श्रीमती उषा नारायण जी ने बताया कि मैं ग्रहणी के रूप में कार्य करती हूं तथा उसके साथ अचार, मिथौरी, नमकीन आदि का उत्पाद बनाकर 5000 कमा लेती हूं। एनआरएलएम मिशन की अध्यक्ष श्रीमती सुमन कुमारी ने बताया कि अब तक हमारे समूह में 18000 महिलाएं जुड़ी हुई है जो आत्मनिर्भर बनकर दूसरों की सहायता कर रही है। कार्यक्रम कहती अतिथि नगर पंचायत बकेवर के अध्यक्ष श्री विनोद कुमार दोहरे ने अपने विचारों का साझा किया ।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ मनोज यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया तथा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि हमारी मातृशक्ति गाड़ी की दो पहियों में एक पहिया है जो यदि छोटा रह जाएगा तो गाड़ी चल नहीं पाएगी। इसलिए हमको संकल्प लेना है कि हम आज ही नहीं वर्ष के 365 दिनों महिलाओं का सम्मान करेंगे और उनके आत्मनिर्भर, स्वालंबन व सशक्तिकरण के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने बताया कि जनता कॉलेज बकेवर इटावा व उसकी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों के द्वारा क्षेत्र के आसपास गांव में जन जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं जिसमें महिलाओं को जागरूक करके आत्मनिर्भर, स्वालंबन, तथा रोजगारपरक योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाता है जिससे वह सभी आर्थिक रूप से मजबूत होती हैं और शिक्षा का प्रसार होता है। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिस का संचालन गोपीनाथ मौर्या ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लघु नाटिका स्वरचित गीत एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

लघु नाटिका में स्वयंसेवक सूरज, संदीप व सहयोगी टीम ने महिला शिक्षा के बारे में प्रस्तुत किया। सरिता पटेल व उनकी सहयोगी टीम ने बेटा, बेटी में असमानता, भेदभाव की कुरीतियों के बारे में लघु नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सचिन,प्रभास व, शोभित, प्रगति, शिक्षा, शिवांगी तथा सुमित ने स्वरचित कविता प्रस्तुत किया। सुमित दीक्षित भव्य बाजपेई संदीप कुमार उमेंद्र कुमार शीतल आदि ने महिला सशक्तिकरण पर भाषण दिया। कार्यक्रम में डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ आदित्य कुमार, डॉ दिव्य ज्योति मिश्रा, आकाश चौधरी, राजकुमार वर्मा, मनोज दीक्षित सहित 50 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।






अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में क्षेत्र की उद्यमिता एवं समूह के पदाधिकारी महिलाओं को सम्मानित किया गया






डॉ. नलिनी शुक्ला जी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास के बारे में बताया

# महिला दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम



महिला दिवस आयोजित हुआ कार्यक्रम

लोकभारती न्यूज ब्यूरो

**लखना,इटावा।** आत्मनिर्भर भारत को संकल्पित भारत विकास परिषद इटावा की तुलसी शाखा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस विद्यालय के आर गर्ल्स इंटर कॉलेज लखना विद्यालय परिवार के साथ कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में कॉलेज की प्रधानाचार्या व शिक्षिकाओं को सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रधानाचार्या गिरजा शुक्ला ने बेटियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज की नारी अबला नहीं बल्कि सबला है ।हमें अपनी पूरी ऊर्जा के साथ समाज में अपना स्थान खुद बनाना होगा। आज की नारी किसी भी क्षेत्र में पुरुष से पीछे नहीं है। तुलसी की संरक्षिका व मुख्य वक्ता प्रीतम खन्ना ने कहा कि यत्र नारी पूज्यंते तत्र देवता रम्यते अर्थात जहां नारी का सम्मान होता है वहीं देवता भी निवास करते हैं। कार्यक्रम का संचालन नीलिमा चौधरी द्वारा किया गया। तुलसी की अध्यक्ष अंजू चौधरी के नेतृत्व में मंजू सिंह, स्नेहलता, सुशीला राजावत, पंकज कुमार सिंह चौहान सहित सभी सदस्यों ने अतिथियों एवं विद्यालय की शिक्षिकाओं में कल्पना गुप्ता, दीप्ति सारस्वत, पूजा, मधु, नीलम, सुमन, प्रीती, कविता सहित सभी शिक्षिकाओं को महिला दिवस पर सम्मानित किया।

## स्वावलंबन से जुड़ी महिलाओं को किया सम्मानित



स्वावलंबन के दौरान महिलाओं को सम्मानित करती।

**बकेवर,लखना।** जनता कॉलेज बकेवर ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के दौरान महिला दिवस पर कई क्षेत्र की उद्यमिता तथा स्वाबलंबन से जुड़ी हुई महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वाबलंबन से जुड़ी महिला अंजली देवी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को स्वाबलंबी होना चाहिए। महिलाएं आज सभी कार्यों को करके देश की प्रगति में सहायक बनी हुयी हैं। उन्होंने कहा कि हम महिलाओं का समूह बनाकर सिलाई, कढ़ाई तथा ब्यूटी पार्लर जैसे छोटे-छोटे रोजगारपरक योजनाओं का प्रशिक्षण देती हूं। जिससे क्षेत्र की महिलाएं आत्मनिर्भर बनती हैं। कार्यक्रम में सीएलएफकी बीआरपी अंजलि ने बताया कि वे लखना में रहती हैं और लगभग सैकड़ो महिलाओं को स्वाबलंबन के तहत है तथा एनआरएलएम मिशन के द्वारा सभी को आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश कर रही हूं एक छोटे से 10 रुपये के इन्वेस्टमेंट से आज लाखों का टर्नओवर करती डॉ इंदु बाला मिश्रा ने कहा की नारी सशक्तिकरण तभी संभव होगी जब वह स्वस्थ होगी उसके लिए संतुलित पोषण तथा आहार अति आवश्यक है वह यह भी बताया कि छात्राएं तथा महिलाएं हरी सब्जी का सेवन करें फास्ट फूड बिल्कुल छोड़ दें।

# वूमेन हाइजीन जागरूकता पर हुई संगोष्ठी

## दिनांक: 21.11.2022

जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा में भौतिकी विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनांक 21 नवंबर 2022 को "वूमेन हाइजीन अवेयरनेस" (Women hygiene Awareness) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ धर्मेंद्र कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा वूमेन हाइजीन अवेयरनेस के बारे में परिचायत्मक जानकारी दी। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ.आर. के. त्रिपाठी वूमेन हाइजीन अवेयरनेस के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सामाजिक कार्यकर्ता श्री मुकेश शर्मा ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार प्रत्येक 7 मिनट में एक महिला की मृत्यु यूट्रस कैंसर के कारण हो जाती है और 10 में से 3 महिलाओं की बच्चेदानी निकाली जाती है। आजकल महिलाओं को आंतरिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं क्यों हो रही है और उनका क्या निदान है और उनका समाधान क्या है। कार्यक्रम में श्रीमती मधु शर्मा ने महिलाओं के स्वास्थ्य व उनके बचाव संबंधी सुझाव दिए। श्रीमती अश्वनी यादव ने नैपकिन पैड के उपयोग एवं उपयोगिता के बारे में संक्षिप्त में संबोधित किया तथा छात्राओं को अनियमित खानपान शारीरिक सफाई व अन्य स्वास्थ संबंधी जानकारी दी। डॉ मनोज यादव ने सभी वक्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में इं.मधुर यादव डॉ. नलिनी शुक्ला, डॉ इंदु बाला मिश्रा, डॉ ज्योति भदौरिया, मीनू त्रिपाठी, डॉ शैली यादव, डॉ इरम सलीम व कॉलेज की छात्राएं उपस्थित रही।




# स्वास्थ्य का ध्यान रखें छात्राएं

## जनता कॉलेज में किया गया जागरुकता गोष्ठी का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

**बकेवर।** जनता कॉलेज के भौतिकी विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को जागरुकता गोष्ठी हुई। इसमें छात्राओं से कहा गया कि स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बीमारियों से बचने के तरीके बताए।

मुख्य वक्ता फरीदाबाद से आए सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश शर्मा ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार प्रत्येक सात मिनट में एक महिला की मृत्यु यूट्रस कैंसर के कारण हो जाती है। 10 में से तीन महिलाओं की बच्चेदानी निकाली जाती है। आजकल महिलाओं को आंतरिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं अधिक हो रही हैं। हमें इनके समाधान के बारे में सोचना चाहिए। फरीदाबाद से आईं मधु शर्मा ने बीमारियों से बचाव संबंधी सुझाव दिए। भरथना से आईं शिक्षिका अश्वनी यादव ने नैपकिन पैड की बारे में छात्राओं को बताया। डॉ. मनोज यादव, डॉ. नलिनी शुक्ला, डॉ. इंदु बाला मिश्रा, डॉ. ज्योति भदौरिया, मीनू त्रिपाठी, डॉ. शैली यादव, डॉ. इरम सलीम मौजूद रहीं।



छात्राओं को जानकारी देतीं शिक्षिका अश्वनी यादव। संवाद

# वूमेन हाइजीन जागरूकता पर हुयी संगोष्ठी, छात्राओं ने लिया भाग



**विचारधारा कार्यालय/बकेवर।** जनता कॉलेज में भौतिकी विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को वूमेन हाइजीन जागरूकता पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ.धर्मेंद्र कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा वूमेन हाइजीन अवेयरनेस के बारे में परिचायत्मक जानकारी दी। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ.आर. के. त्रिपाठी वूमेन हाइजीन अवेयरनेस के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश शर्मा ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार प्रत्येक 7 मिनट में एक महिला की मृत्यु यूट्रस कैंसर के कारण हो जाती है और 10 में से 3 महिलाओं की बच्चेदानी निकाली जाती है। आजकल महिलाओं को आंतरिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं क्यों हो रही है और उनका क्या निदान है और उनका समाधान क्या है। कार्यक्रम में मधु शर्मा ने महिलाओं के स्वास्थ्य व उनके बचाव संबंधी सुझाव दिए। अश्वनी यादव ने नैपकिन पैड के उपयोग एवं उपयोगिता के बारे में संक्षिप्त में संबोधित किया तथा छात्राओं को अनियमित खानपान शारीरिक सफाई व अन्य स्वास्थ संबंधी जानकारी दी। डॉ. मनोज यादव ने सभी वक्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में इं.मधुर यादव डॉ. नलिनी शुक्ला, डॉ.इंदु बाला मिश्रा, डॉ.ज्योति भदौरिया, मीनू त्रिपाठी, डॉ शैली यादव, डॉ इरम सलीम व कॉलेज की छात्राएं उपस्थित रही।

# जनता कालेज में महिलाओं पर कार्यक्रम आयोजित

**सहारा न्यूज ब्यूरो**

**लखना।**

जनता कालेज, बकेवर, इटावा में भौतिकी विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में वूमेन हाइजीन अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डा. धर्मेंद्र कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा वूमेन हाइजीन अवेयरनेस के बारे में परिचायत्मक जानकारी दी। कार्यक्रम के अध्यक्ष डा. आर. के. त्रिपाठी वूमेन हाइजीन अवेयरनेस के लिए छात्राओं को प्रेरित किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश शर्मा ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार प्रत्येक 7 मिनट में एक महिला की मृत्यु यूट्रस केंसर के कारण हो जाती है और 10 में से 3 महिलाओं की बच्चेदानी निकाली जाती है। आजकल महिलाओं को आंतरिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं क्यों हो रही है और उनका क्या निदान है और उनका समाधान क्या है।

कार्यक्रम में मधु शर्मा ने महिलाओं के स्वास्थ्य व उनके बचाव संबंधी सुझाव दिए। अश्वनी यादव ने नैपकिन पैड के उपयोग एवं उपयोगिता के बारे में संक्षिप्त में संबोधित किया तथा छात्राओं को अनियमित खानपान शारीरिक सफाई व अन्य स्वास्थ संबंधी जानकारी दी। डा. मनोज यादव ने सभी वक्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में इंमधुर यादव डा. नलिनी शुक्ला, डा. इंदु बाला मिश्रा, डा. ज्योति भदौरिया, मीनू त्रिपाठी, डा. शैली यादव, ड इरम सलीम व कलेज की छात्राएं उपस्थित रही।